


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

वर्ष 03, अंक 182 | ग्वालियर गुरुवार 9 जुलाई 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8




केंद्रीय केबिनेट का निर्णयः

## सितंबर तक मिलेंगे मुफ्त एलपीजी सिलेंडर, एग्री सेक्टर को 1 लाख करोड़



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्री मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में आम आदमी पर सीधा असर डालने वाले कई बड़े फैसले लिए गए हैं. कैबिनेट ने पीएम आवास योजना, उज्जवला योजना और गरीब कल्याण अन्न योजना समेत चार महत्वपूर्ण फैसलों पर मुहर लगाई गई है. इसके बाद अब सितंबर महीने तक मुफ्त सिलेंडर मिलेंगे वहीं कर्मचारियों को ईपीएफ के मामले में भी फायदा होगा. आज हुई बैठक में कृषि के क्षेत्र में 1 लाख रुपए के एग्री इंफ्रा फंड पर भी मुहर लगाई गई है. यह बैठक प्रधानमंत्री के 7 लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास पर हुई है. बैठक में हुए फैसलों की जानकारी केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर और नरेंद्र सिंह तोमर ने मीडिया को दी. बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए खुद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ट्वीट कर बताया कि केंद्रीय कैबिनेट ने पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में देश के करोड़ों गरीबों को राहत देते हुए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को आगे बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. इसके तहत नवंबर तक अब देश के 81.9 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन दिया जाएगा. खबरों के अनुसार, केंद्रीय कैबिनेट ने इसके साथ ही लॉकडाउन के दौरान लागू किए गए ईपीएफ से जुड़े फैसले को भी आगे बढ़ाए जाने पर सहमति बनी है. इसे लेकर भी अपडेट आ सकता है. इस मार्च से लागू इस फैसले के तहत जिन कंपनियों में 100 कर्मचारी मौजूद हैं और इसके 90 प्रतिशत स्टाफ की सैलरी 15,000 रुपए से कम है उनके कर्मचारियों और कंपनी का ईपीएफ योगदान सरकार देगी जो अगस्त तक जारी रहेगा. वित्त मंत्री ने बताया कि इससे लगभग 73 लाख कर्मचारियों को फायदा मिलेगा. कैबिनेट ने एक अहम फैसला लेते हुए प्रवासी मजदूरों को राहत देते हुए अलग-अलग शहरों में प्रधानंत्री आवास योजना के तहत तैयार मकानों को प्रवासी मजदूरों को किराए पर दिया जाएगा. केंद्र सरकार ने महिलाओं को भी अप्रैल से जून तक राहत दी थी और मुफ्त सिलेंडर्स के लिए एडवांस सबसिडी दी थी. कैबिनेट बैठक में महिलाओं को भी बड़ा तोहफा दिया गया है और उज्ज्वला योजना का भी विस्तार सितंबर महीने तक कर दिया गया है. इसके तहत महिलाओं को मुफ्त सिलेंडर्स मिलते रहेंगे. तेल कंपनियां ईएमआई डिफरमेंट की योजना साल के अंत तक बढ़ा सकती है, जो जुलाई महीने में खत्म हो रही थी. इसके अलावा कैबिनेट ने एग्री सेक्टर में इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 1 लाख करोड़ के पैकेज को भी मंजूरी दे दी है. इससे कृषि से जुड़े किसानों और उद्योगों को फायदा पहुंचेगा.

## ईडी ने नीरव मोदी पर शिकंजा कसा


**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पीएनबी घोटाले में आरोपी हीरा कारोबारी नीरव मोदी पर बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने बताया कि भगोड़े आर्थिक अपराध अधिनियम के तहत नीरव मोदी की 300 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति जब्त की गई है। न्यूज एजेंसी एएनआई के अनुसार, ईडी ने नीरव की 329.66 करोड़ की



संपत्ति जब्त की है। इन संपत्तियों में वर्ली मुंबई की आइकॉनिक बिल्डिंग समुद्र महल के चार फ्लैट, एक सी-साइड फार्महाउस, अलीबाग में जमीन, जैसलमेर में पवन चक्की, लंदन में फ्लैट और संयुक्त अरब अमीरात में रेजिडेंशियल फ्लैट, शेयर और बैंक में जमा राशि भी शामिल है। मार्च 2020 में ईडी ने नीरव मोदी की कई संपत्तियों को जब्त कर नीलाम किया था। इनमें महंगी पेंटिंग्स, घड़ी, पर्स, महंगी कारें, हैंडबैग जैसी चीजें शामिल थीं। ईडी के मुताबिक, इस नीलामी के दौरान करीब 51 करोड़ मिल थे। 13 हजार 700 करोड़ रुपए के पीएनबी घोटाले का आरोपी नीरव लंदन की वांड्सवर्थ जेल में है। भारत की अपील पर प्रत्यर्पण वारंट जारी होने के बाद लंदन पुलिस ने पिछले साल 19 मार्च को उसे गिरफ्तार किया था। उसकी जमानत अर्जी 5 बार खारिज हो चुकी। भारतीय एजेंसियां उसके प्रत्यर्पण की कोशिश में जुटी हैं। लंदन की एक अदालत में इस मामले की सुनवाई चल रही है।

## कृषि सुधारों से किसानों को उनकी कृषि उपज के लिए बाधामुक्त व्यापार का मिला भरोसाः मंत्री तोमर

**नई दिल्ली ।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण, ग्रामीण विकास और पंचायती राजमंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि सरकार किसानों को उनकी फसल के सही मूल्य की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। उत्तर प्रदेश में दातागंज, बदायूं में कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) के प्रशासनिक भवन का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शिलान्यास करते हुए तोमर ने कहा कि दो नए अध्यादेशों के कार्यान्वयन और कृषि क्षेत्र में अन्य



कानूनी प्रावधानों के साथ किसान अब देश में किसी भी जगह पर लाभकारी मूल्य पर अपनी फसल की बिक्री कर सकते हैं और इस पर सभी तरह की बंदिशें खत्म हो गई हैं। मूल्य आश्वासन पर किसान (सशक्तिकरण एवं सुरक्षा) समझौता और कृषि सेवा अध्यादेश, 2020 से कृषि उपज की खरीद पर व्यापारियों से समझौते के साथ ही किसानों के लिए उनकी उत्पादन लागत पर गारंटीड रिटर्न भी सुनिश्चित होगा। कृषि मंत्री तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कृषि एवं अन्य क्षेत्रों के बीच के अंतर को दूर करने की दिशा में प्रयास किए गए हैं। देश खाद्यान्न उत्पादन के मामले में न सिर्फ आत्म-निर्भर है, बल्कि अतिरिक्त उत्पादन भी कर रहा है। देश में 86 प्रतिशत छोटे और सीमांत कियान हैं, जिनकी सरकारी योजनाओं, कार्यक्रमों और सुविधाओं तक पहुंच होनी चाहिए।

कुलभूषण पर पाकिस्तान का नया दावा

## जाधव ने अपनी फांसी की सजा के खिलाफ रिव्यू पिटीशन दायर करने से किया इनकार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की जेल में बंद भारतीय नागरिक कूलभूषण जाधव पर पाकिस्तान ने बुधवार को नया दावा किया है। दावे में कहा गया कि कूलभूषण जाधव ने अपनी फांसी की सजा के खिलाफ रिव्यू पिटीशन दायर करने से इनकार कर दिया है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक,



जाधव ने अपनी पेंडिंग दया याचिका पर टिके रहने का फैसला किया है। न्यूज एजेंसी एएनआई के अनुसार, पाकिस्तान के एडिशनल अटॉर्नी जनरल अहमद इरफान ने बुधवार को यहां साउथ एशिया डीजी के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ये दावा किया। एडिशनल अटॉर्नी जनरल ने बताया कि 17 जून 2020 को कूलभूषण जाधव को उनकी फांसी की सजा पर रिव्यू पिटीशन दायर करने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने अपने कानूनी अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए ऐसा करने से इनकार कर दिया। उन्हें दूसरा काउंसलर एक्सेस देने का प्रस्ताव भी दिया गया है। कुलभूषण को मार्च 2016 में पाकिस्तान ने गिरफ्तार किया था। 2017 में उन्हें फांसी की सजा दे दी।

## पीएम मोदी मोदी आज इंडिया ग?लोबल वीक 2020 में उद्घाटन भाषण देंगे

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इंडिया ग्लोबल वीक 2020 के पहले दिन उद्घाटन भाषण देंगे। तीन दिवसीय चलने वाले इस वर्चुअल सम्मेलन का विषय है बी द रिवाइवल इंडिया एंड अ बैटर न्यू वर्ल्ड, इंडिया ग्लोबल वीक 2020 में 30 देशों के 5000 वैश्विक प्रतिभागियों को 75 सत्रों में 250 वैश्विक वक्ता संबोधित करेंगे। इस आयोजन में भाग लेने वाले अन्य गणमान्?य वक्ताओं में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, रेल, वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, जम्मू कश्?मीर के उपराज्यपाल, जी.सी. मुर्मू, ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सदुरु, आध्यात्मिक नेता श्री श्री रविशंकर, ब्रिटेन के विदेश मंत्री डॉमिनिक राब और गृह सचिव प्रीति पटेल, भारत में अमेरिकी राजदूत केन जस्टर और अन्य शामिल हैं।

देश में कोरोना काल

## संक्रमित मरीजों की संख्या साढ़े सात लाख के करीब, 20,643 मौतें

**नई दिल्ली ।** मंगलवार को 21 हजार 670 से ज्यादा नए संक्रमित मिलने के साथ ही देश में कोरोनावायरस से पीड़ित लोगों की संख्या बढ़कर 7,42,016 हो गई। इनमें से 4,56,710 ठीक हो चुके हैं जबकि 20,643 की मौत हो गई है। महाराष्ट्र में मंगलवार को 5,134 नए संक्रमित मिलने के साथ पीड़ितों की संख्या बढ़कर 2,17,121 हो गई जिनमें से 1,18,558 ठीक हो चुके हैं, इस प्रकार महाराष्ट्र में रिकवरी रेट 54त्न के करीब है। यहां 9,250 लोगों की इस बीमारी से मौत हो चुकी है। तमिलनाडु में 3,616 नए संक्रमित मिलने के साथ पीड़ितों की संख्या बढ़कर 1,18,594 हो गई, जिनमें से 71,116 ठीक हो चुके हैं, जबकि 1,636 की मौत हो गई है।




दिल्ली में मंगलवार को फिर 2,008 नए संक्रमित मिलने के साथ पीड़ितों की संख्या बढ़कर 1,02,831 हो गई। यहां अब तक 3,165 लोगों की मौत हो गई है जबकि 74,217 ठीक हो गए हैं। गुजरात में 782 नए संक्रमित मिलने के साथ पीड़ितों की संख्या बढ़कर 37,640 हो गई जिनमें से 1,978 की मौत हो चुकी है जबकि 26,744 ठीक हो चुके हैं। उत्तरप्रदेश में भी कोरोना संक्रमण के 1,332 नए मामले सामने आने के साथ पीड़ितों की संख्या बढ़कर 29,968 हो गई जिनमें से 19,627 ठीक हो चुके हैं जबकि 827 की मौत हो चुकी है। तेलंगाना में 1,879 नए मरीज मिलने के साथ पीड़ितों की संख्या बढ़कर 27,612 हो गई, जिनें से 16,287 ठीक हो चुके हैं जबकि 313 की मौत हो चुकी है। दक्षिण के एक अन्य राज्य कर्नाटक में सोमवार को 1,498 नए मरीज मिलने के साथ पीड़ितों की संख्या बढ़कर 26,815 हो गई जिनमें से 11,100 ठीक हो चुके हैं जबकि 417 की मौत हो चुकी है। सोमवार को पश्चिम बंगाल में 850, राजस्थान में 234, आंध्रप्रदेश में 1,178, हरियाणा में 495, मध्यप्रदेश में 343, बिहार में 385, ओडिशा में 571, जम्मू और कश्मीर में 256, पंजाब में 258, केरल में 272 और छत्तीसगढ़ में 110 नए मरीज मिले।

## जम्मू-कश्मीर पुंछ जिले में एलओसी के पास पाकिस्तान ने दागे मोर्टार

**जम्मू ।** पाकिस्तान द्वारा पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा एलओसी के पास भारतीय चौकियों और आगे के गांवों पर मोर्टार दागे जाने के बाद एक वृद्ध महिला की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पुंछ जिले के पुलिस प्रमुख एसएसपी रमेश कुमार अंगराल ने कहा, पाकिस्तान द्वारा संघर्ष विराम का उल्लंघन किया गया था और लगभग 2.35 बजे एक वृद्ध महिला की मौत हो गई और मेंधर के लांजोत क्षेत्र में एक और घायल हो गई। वे पाकिस्तानी मोर्टार आग की चपेट में आ गए थे। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान ने बालाकोट और मेंधर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास संघर्ष



विराम का उल्लंघन किया। 12 मद्रास बटालियन द्वारा इसका जवाब दिया गया। मृतक की पहचान मोहम्मद आज़म की पत्नी 60 वर्षीय राशम बी के रूप में हुई है और घायल की पहचान मेंढर के लांजोत में मोहम्मद शरीफ की पत्नी 58 वर्षीय हकम बी के रूप में हुई है। हालांकि इस फायरिमग में सेना के किसी भी जवान को कोई चोट नहीं आई।

## आने वाली है आर्थिक सुनामी, लोगों को होगा बड़ा नुकसान

**नई दिल्ली ।** देश की चरमराती अर्थव्यवस्था को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भाजापा सरकार पर एक बार फिर निशाना साधा है। देश में



सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उपक्रमों (एमएसएमई) और बैंकों के मुश्किल में होने से जुड़ी खबरों को लेकर बुधवार को राहुल गांधी ने कहा कि कुछ महीने पहले जब उन्होंने आर्थिक सुनामी आने की बात की थी तो सत्तारूढ़ पार्टी ने उनका मजाक बनाया था। उन्होंने ट्वीट किया, लघु एवं मध्यम उपक्रम बर्बाद हो गए हैं। बड़ी कंपनियां गंभीर संकट में हैं। बैंक भी संकट में हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, मैंने कुछ महीने पहले कहा था कि आर्थिक सुनामी आ रही है। भाजपा एवं मीडिया ने देश को सच्चाई के बारे में आगाह करने के लिए मेरा मजाक बनाया था।

उत्तर प्रदेश

कानपुर शूटआउट मामला

## विकास दुबे पर 5 लाख रुपये का इनाम, दिल्ली समेत कई राज्यों में अलर्ट

**कानपुर।** कानपुर हमले के मुख्य आरोपी विकास दुबे पर सरकार ने 5 लाख रुपये का इनाम घोषित कर दिया है। विकास दुबे के सरेंडरकी खबर पर ग्रेटर नोएडा में अलर्ट है। कोर्ट में आने वाले लोगों की मास्क हटाकर जांच की जा रही है। सूरजपुर जिला कोर्ट में बड़ी संख्या में पुलिस तैनात है। बिकास दुबे को लेकर ग्रेटर नोएडा में हाई अलर्ट जारी किया गया है। कोर्ट परिसर में भारी पुलिस बल तैनात है। कोर्ट के सभी गेट पर सघन चेकिंग जारी है। विकास दुबे के दिल्ली एनसीआर में होने की खबर से जिला गौतमबुद्ध नगर पुलिस भी हाई अलर्ट पर है। यूपी एसटीएफ की टीम विकास दुबे के गांव पहुंची है। बिकरू गांव में कुएं को खाली कराया



जा रहा है। हथियारों की तलाश के लिए कुएं को खाली कराया जा रहा है। कुएं में हथियारों के फेंके जाने की खबर की है। गैंगस्टर विकास दुबे फरीदाबाद में (ओय) होटल के अलावा, सेक्टर 87 में नहर पार की न्यू इंदिरा कॉलोनी में अपने रिश्तेदार के यहां 2-3 दिन रुका था। फरीदाबाद की स्पेशल क्राइम टीम में अब तक 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। सूत्रों के मुताबिक, विकास दुबे के 2 साथियों प्रभात और अंकुर को फरीदाबाद से गिरफ्तार किया गया है। अंकुर ने विकास दुबे की छिपने में मदद की थी। कार्तिकेय उर्फ प्रभात विकास दुबे के गांव का रहने वाला है। प्रभात से 4 हथियार बरामद हुए हैं जिनमें से 2 सरकारी पिस्टल यूपी पुलिस की हैं। सूत्रों के मुताबिक, हरियाणा पुलिस सुबह 11- 12 बजे के करीब प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगी। इसी बीच, हिस्ट्रीशीटर विकास दुबे का एक और साथी गिरफ्तार किया गया है। चौबेपुर पुलिस ने 25 हजार के इनामी बदमाश श्यामू बाजपेयी को गिरफ्तार किया है।


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश

समाचार राज्यमंत्री गिर्राज डण्डोतिया ने खेड़ा मेवदा और नावली में नलजल योजना की आधारशिला रखी

# राज्य मंत्री ने 4 करोड़ 14 लाख से अधिक निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

**मुरैना।** प्रदेश के राज्यमंत्री श्री गिर्राज डण्डोतिया ने कहा कि मुरैना विकासखण्ड के ग्राम खेड़ामेवदा और अम्बाह विकासखण्ड के ग्राम नावली में बहुप्रतिक्षित नलजल योजनाओं की मांग आज पूरी होने जा रही है। प्रदेश सरकार द्वारा मुरैना विकासखण्ड के ग्राम खेड़ा मेवदा और अम्बाह विकासखण्ड के ग्राम नावली में 4 करोड़ 14 लाख 1 हजार रूपये की लागत से नलजल योजना का निर्माण किया जायेगा। जिसमें घरेलू कनेक्शन 2 हजार 101 और 7 ट्यूबैल लगाये जायेंगे। जिससे पानी की सप्लाई पाइप द्वारा की जायेगी। यह बात उन्होंने बुधवार को विधानसभा क्षेत्र दिमनी के ग्राम खेड़ा मेवदा, नावली में नजजल योजनाओं का भूमिपूजन करते समय कही। इस अवसर पर पीएचई के कार्यपालन यंत्री श्री आरएन करैया, संबंधित एसडीएम और बड़ी संख्या में पार्टी कर्ता उपस्थित थे। राज्यमंत्री श्री डण्डोतिया ने बताया कि जल जीवन मिशन का लक्ष्य 2024 तक ग्राम के प्रत्येक परिवार को घरेलू नल कनेक्शन के






माध्यम से निरंतर एवं पर्याप्त मात्रा में उचित गुणवत्ता का स्वच्छ जल प्रदाय करना है। इस मिशन के अन्तर्गत प्रत्येक व्यक्ति को 55एलपीसीडी जल प्रदाय करने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नलजल योजना ग्राम खेड़ा मेवदा के अन्तर्गत समस्त बसाहटों में घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से जल प्रदाय किया जाना है। जिसमें खेड़ा मेवदा में 2 करोड़ 59 लाख 3 हजार रूपये की लागत से 4 ट्यूबैल, 1683 मीटर रायजिंगमेन, 9 हजार 132 मीटर वितरण नलिकायें (पाइप लाइन), 5 नग मोटर पम्प समरसेबल एवं 2 सेनेट्री फ्यूगल (मोटर पंप) लगाये जायेंगे और 1 नगर ट्रान्सफार्मर लगाया जायेगा। जिसके माध्यम से 1508 घरेलू नल कनेक्शन दिये जायेंगे। इसमें 8 हजार 603 जनसंख्या लाभान्वित होगी। इसी प्रकार ग्राम नावली में 1 करोड़ 55 लाख 7 हजार रूपये की लागत से 3 नग ट्यूबैल, 82 मीटर रायजिंगमेन, 11 हजार 693 मीटर वितरण नलिकायें (पाइप लाइन), 3 नग समरसेबल (मोटर पंप), 1 सेनेट्री फ्यूगल और 1 ट्रान्सफार्मर लगाया जायेगा। जिसके माध्यम से 593 घरेलू नल कनेक्शन दिये जायेंगे। इनसे 3 हजार 493 लोग लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम के अन्त में पार्टी पदाधिकारियों ने राज्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्रामीण डाक सेवकों के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**मुरैना।** भारतीय डाक विभाग के मध्य प्रदेश परिमण्डल के अंतर्गत ग्रामीण डाक सेवकों के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं। आवेदन पत्र आगामी 7 जुलाई 2020 तक प्रस्तुत किए जा सकते हैं। ग्रामीण डाक सेवक के अंतर्गत ग्रामीण डाक सेवक शाखा डाकपाल की 1330 एवं ग्रामीण डाक सेवक सहायक शाखा डाकपाल/डाक सेवक की 1504 रिक्तियों पर भर्ती की जाना है। रिक्तियों की कार्यालयवार एवं पदवार विस्तृत जानकारी और ग्रामीण डाक सेवक के लिए आवेदक की आयु, शैक्षणिक योग्यता, भर्ती प्रक्रिया, पद/रिक्तियां एवं अन्य सेवा शर्तों के साथ आवेदन प्रोफार्मा की जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है। अन्य पिछड़ा, सामान्य एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग के पुरूष आवेदकों के लिए निर्धारित शुल्क 100 रूपए है, जो कि किसी भी प्रधान डाकघर के माध्यम से भुगतान किया जा सकता है। भुगतान हेतु डाकघरों की सूची भी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### पीएम स्वनिधि योजना के तहत ऋण हेतु मोबाइल नम्बर आधार से लिंक होना जरूरी

**मुरैना ।** पीएम स्वनिधि योजना के तहत पंजीकृत हितग्राही/पथ विक्रेताओं को 10 हजार रूपए का ऋण स्वीकृत करने हेतु फार्म ऑनलाइन भरे जाना है। इच्छुक हितग्राहियों का मोबाइल नम्बर उनके आधार कार्ड से लिंक होना आवश्यक है। पंजीकृत हितग्राहियों का बैंक खाते में भी आधार व मोबाइल नम्बर लिंक होना आवश्यक है। ऐसे हितग्राही जिनका मोबाइल नम्बर आधार से लिंक नहीं है, वे तत्काल आधार केन्द्र पर जाकर मोबाइल नम्बर को आधारकार्ड से लिंक कराएं। आधार कार्ड से मोबाइल नम्बर लिंक होने के पश्चात ही ऋण फार्म संबंधित जोन कार्यालय से ऑनलाइन भरा जा सकेगा। उन्होंने ऋण के इच्छुक सभी हितग्राहियों एवं पथ विक्रेताओं से आग्रह किया है कि वे मोबाइल नम्बर आधार से लिंक कराकर ऋण हेतु ऑनलाइन आवेदन जमा करें।

### रूक जाना नही योजना के तहत विद्यार्थी कर सकेंगे 14 तक आवेदन

**मुरैना।** बोर्ड की परीक्षा में किसी कारणवंश फैल हो गये विद्यार्थी रूक जाना नही योजना के तहत 14 जुलाई तक आवेदन जमा करा सकते है। एमपी ऑनलाईन के कियोस्क के माध्यम से जमा होने वाले इन आवेदनों के आधार पर परीक्षा 20 जुलाई से प्रारंभ की जायेगी । मध्यप्रदेश राज्य ओपन स्कूल परिषद के संचालक श्री पीआर तिवारी से प्राप्त जानकारी अनुसार ओपन स्कूल परिषद द्वारा रूक जाना नही योजना के कारण बोर्ड की परीक्षा में फैल हो गये विद्यार्थियो को पुनः एक अवसर मिल सकेगा। उन्होने बताया कि ओपन स्कूल परिषद की इस परीक्षा में जो विद्यार्थी पूरे विषयो में पास नही हो पायेंगे, उन्हें 6 महिने बाद उस विषय की पुनः परीक्षा देने का भी अवसर मिलेगा ।

एक्टिव कंटेनमेंट एरिया का शत्प्रतिशत सर्वे हो

## मुरैना में चल रहे लॉकडाउन का शक्ति से पालन हो

**मुरैना।** चंबल संभाग के कमिश्नर श्री रवीन्द्र कुमार मिश्रा ने चंबल संभाग के तीनों जिले मुरैना, भिण्ड और श्योपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिये है कि एक्टिव कंटेनमेंट एरिया का सबसे पहले सर्वे किया जाये। सर्वे पूरी तरह से शत्प्रतिशत हो। अगर सर्वे में लापरवाही होगी तो पुनः सर्वे करना पड़ेगा और सर्वे में लापरवाही करने वालों के खिलाफ कार्वाही भी होगी। चंबल कमिश्नर श्री मिश्रा बुधवार को अपने सभाकक्ष में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की योजनाओं के तहत मुरैना जिले में बढ़ रहे कोरोना मरीजों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में अपर आयुक्त श्री अशोक कुमार चौहान, संयुक्त आयुक्त विकास श्री राजेन्द्र सिंह, तीनों जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे। चंबल कमिश्नर श्री मिश्रा ने मुरैना, भिण्ड में बढ़ रहे कोरोना पॉजीटिव मरीजों के प्रति चिन्ता व्यक्त करते हुये कहा कि संभाग के सभी नोटिफाइड़ 482 कंटेनमेंट एरिया का



शत्प्रतिशत सर्वे हो। इनमें से एक्टिव 331 कंटेनमेंट एरिया में सबसे पहले सर्वे हो। उन्होंने कहा कि सर्वे के दौरान लिये जाने वाले सैम्पलों से कोरोना पॉजीटिवों की संख्या बढ़ेगी लेकिन बाद में धीरे-धीरे यह संख्या कम होती जायेगी। उन्होंने कहा कि किल कोरोना अभियान में जो टीम लगी है, उसी टीम को सर्वे में भी लगायें। कमिश्नर ने कहा कि मुरैना में लगाये गये लॉकडाउन को और शक्ति से लागू करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भिण्ड और श्योपुर में भी अगर लॉकडाउन की जरूरत हो तो जरूर लगाये, अगर जरूरत नहीं है तो शनिवार एवं रविवार को दोंनो जिलों में पूरी तरह से लॉकडाउन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने आईसोलेशन वार्डों की समीक्षा करते हुये कहा कि ऐसे छात्रावासों, आश्रमों को चिन्हित करें, जहां मरीजों को आईसोलेट किया जा सके। इसके लिये होटल भी किराये से ले सकते है। मुरैना जिले में एक हजार बैड की व्यवस्था करके रखें। उन्होंने कहा कि आईसोलेशन वार्डो में मरीजों को 10 दिन रखने के पश्चात् अगर मरीज में कॉप्लीकेशन नहीं है तो उसे डिस्चार्ज कर होम क्वारंटाइन करने की सलाह दें। कमिश्नर ने कहा कि होम क्वारंटाइन किये गये लोंगो का भी पूरी गंभीरता के साथ सर्वे करें।

### उचित गुणवत्ता का पोषण आहार वितरित हो - चंबल कमिश्नर

चंबल कमिश्नर ने महिला बाल विकास विभाग की योजनाओं क समीक्षा करते हुये संयुक्त संचालक श्री डी.के. सिद्धार्थ को निर्देश दिये कि संभाग की प्रत्येक आंगनवाड़ी केन्द्र से डोर टू डोर वितरित हो रहे पोषण आहार पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने कहा कि लम्बे समय का रखा हुआ पोषण आहार वितरित नहीं हो, अच्छी गुणवत्ता का ही पोषण आहार वितरित हो और यह निचले स्तर तक पहुंचे, जिससे बच्चों की ग्रोथ बढ़ती रहे। वे कुपोषण के शिकार न हो। उन्होंने पोषण आहार के वितरण में किसी भी तरह की लापरवाही गड़बड़ी नहीं होने की भी हिदायत दी। उन्होंने कहा कि कई इन्वेस्टीकेशन एजेन्सियां संपर्क कर रही है, अगर उन्हें कोई भी गलती मिली तो कैश रजिस्टर्ड करने में समय नहीं लगेगा। सभी परियोजना अधिकारी सावधानियां बरते।

### अतिथि विद्वानों की आमंत्रण अवधि में वृद्धि

**मुरैना।** उच्च शिक्षा विभाग ने नवीन शैक्षणिक सत्र 2020-21 के लिये अतिथि विद्वानों को आमंत्रित किया है। विभाग द्वारा कोविड संक्रमण के मद्देनजर आमंत्रित अतिथि विद्वानों की उपस्थिति दिनांक में परिवर्तन किया गया है। अब अतिथि विद्वानों की उपस्थिति 15 जुलाई, 2020 तक तथा रिक्त पदों की जानकारी ऑनलाइन मॉड्यूल में दर्ज करने की तिथि 18 जुलाई, 2020 तक की गई है। पूर्व में अतिथि विद्वानों की उपस्थिति 8 जुलाई तक तथा रिक्त पदों की जानकारी 13 जुलाई तक अपलोड किये जाने के निर्देश दिये गये थे। उल्लेखनीय है कि विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार प्रदेश के सभी शासकीय महाविद्यालयों में स्वीकृत प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, क्रीड़ा अधिकारी, ग्रंथपाल के स्वीकृत पद के विरुद्ध उन्हीं अतिथि विद्वानों को आमंत्रित किया गया है, जो पिछले सत्र में आमंत्रित किये गये थे। भर्ती प्रक्रिया में फालन आउट अतिथि विद्वानों को शामिल नहीं किया गया है।

## फुटपाथ पर सो रहे 7 लोगों को कंटेनर ने कुचला, 6 की मौत




राहुल कुमार रिपोर्टर

आगरा। सिकंदरा क्षेत्र में मंगलवार देर रात कंटेनर बेकाबू होकर हाईवे किनारे सो रहे सात लोगों पर चढ़ गया। हादसे में छह की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। आगरा के सिकंदरा क्षेत्र में मंगलवार देर रात कंटेनर बेकाबू होकर हाईवे किनारे सो रहे सात लोगों पर चढ़ गया। हादसे में छह की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। देर रात यह हादसा तब हुआ जब गुरुद्वारा गुरु का ताल के पास मथुरा की ओर जा रहा कंटेनर बेकाबू हो गया। बेकाबू कंटेनर हाईवे किनारे नाले के पटाव पर सो रहे लोगों पर चढ़ गया। पुलिस ने कंटेनर को कब्जे में ले लिया है और उसके चालक तथा परिचालक को भी हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि कंटेनर खाली था, जिसे मैनपुरी से गुरुग्राम ले जाया जा रहा था। कंटेनर का चालक मैनपुरी के किशनी क्षेत्र के डांडिया गांव का रहने वाला मुनेश है। उसके साथ क्लीनर सिंटू भी था। यह मंगलवार की रात करीब ढाई बजे कंटेनर लेकर ट्रांसपोर्ट नगर की ओर से मथुरा की तरफ जा रहे थे। तभी हादसा हुआ। हादसा गुरुद्वारा गुरु का ताल कट के पास हुआ। मोड़ पर यह कंटेनर अनियंत्रित हो गया और हाईवे किनारे बने ढके हुए नाले के ऊपर चढ़ गया। कंटेनर यहां सात लोगों पर चढ़ गया। ड्राइवर ने हादसे के बाद भी ब्रेक नहीं लगाए। हादसे के बाद ड्राइवर कंटेनर को हाईवे की ओर मोड़कर तेज गति से भागने लगा। लेकिन, पुलिस ने पीछा करके उन्हें पकड़ लिया। पुलिस की चीता मोबाइल यूनिट घटनास्थल के पास ही थी।

## कलेक्टर दास ने एफएलसी कार्य का किया निरीक्षण



**मुरैना ।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट मशीनों के एफएलसी कार्य करने के निर्देश प्राप्त थे। निर्देशों के तहत ईव्हीएम मशीनें उप चुनाव के लिये पॉलीटेक्निक कॉलेज में तैयार की जा रही है। एफएलसी कार्य पिछले 24 जून से शुरू होकर 20 जुलाई तक चलेगा। इस कार्य को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रियंका दास ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की प्रतिनिधियों की उपस्थिति में अवलोकन किया।

# एक दिन में 115 कोरोना पॉजीटिव मिलना चिन्ता का विषय - राज्यमंत्री

स्वास्थ्य अधिकारी गंभीर होकर प्रत्येक वार्ड में संभावित मरीजों की टेस्टिंग जरूर करायें

**मुरैना।** प्रदेश के साथ-साथ मुरैना जिले में भी कोरोना संक्रमित तेजी से फेल रहा है, इसमें 7 जुलाई की रिपोर्ट में 115 पॉजीटिव मरीज कोरोना के निकलना हम सब के लिये चिन्ता का विषय है। इसमें प्रशासनिक अधिकारी सख्ती बरतें। स्वास्थ्य अधिकारी प्रत्येक वार्ड के संदिग्ध मरीजों के सैम्पल कराना सुनिश्चित करें। कोरोना के मरीज बढ़ना नहीं चाहिये। इसके लिये मैदानी स्वास्थ्यकर्मी पॉजीटिव मरीज के संपर्क में आने वाले व्यक्तिओं को खोजे और उनका सैम्पल करायें। यह निर्देश राज्यमंत्री श्री गिर्राज डण्डोतिया ने मुरैना सर्किट हाउस पर आयोजित बैठक में दिये। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास, पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरसी बांदिल सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। राज्यमंत्री श्री डण्डोतिया ने कहा कि मुरैना इन्दौर, उज्जैन के बाद



तीसरे नम्बर पर कोरोना के मरीजों में पहुंच चुका है। इसे हर हाल में रोकना होगा, इसके लिये जिस विभाग को जो जिम्मेदारी सौंपी है। वे अधिकारी, कर्मचारी अपने कर्तव्यों का कड़ाई से पालन करें। उन्होंने कहा कि फील्ड में कार्य करने वाले स्वास्थ्य चिकित्सक, एएनएम, आशा कार्यकर्ता भी ऐसे मरीजों के पास पहुंचे जो कोरोना पॉजीटिव होने के बाद अन्य लोंगो को संक्रमित करने में लगे हुये है। राज्यमंत्री श्री डण्डोतिया ने कहा कि जो भी व्यक्ति सैम्पल देकर अपने घर वापस आता है तो उसे अपने घर में ही रूकना है और पूरे परिवार को घर से बाहर नहीं निकलने दें। जब तक रिपोर्ट नहीं आती है, तब तक वह परिवार एतिहात बरते। उन्होंने कहा कि मुरैना के लोग स्वास्थ्य अधिकारी, कर्मचारी इस उद्देश्य को समझ लेंगे तो दूसरे लोंगो को संक्रमित नहीं कर पायेंगे तो कोरोना की चैन टूटने में आसानी होगी। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने जिले में लगाई गई स्वास्थ्य टीमों की जानकारी दी तथा जिला चिकित्सालय, कस्तूरबा छात्रावास, ज्ञानोदय छात्रावास एवं पॉलीटेक्निक छात्रावास को मिलाकर कोविड मरीजों के लिये 800 पलंगों की उपलब्धता है। फिर भी लोग एतिहात बरतें। पॉजीटिव व्यक्ति के संपर्क में न आयें। खुद सुरक्षा के उपाये बरतें और पॉजीटिव व्यक्ति के संपर्क में आयें है तो पूरे परिवार को आईसोलेट कर लें। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया ने कहा कि सुरक्षा के बतौर शहर में निकलने वालों पर सख्ती आज से कर दी है। बिना महत्वपूर्ण कार्य के कोई भी व्यक्ति दोपहिया वाहन से न निकलें।

# मास्क लगाने एवं फिजिकल डिस्टेंसिंग का हो कड़ाई से पालन

## मुख्यमंत्री चौहान ने कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा की

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा है कि प्रदेश में पिछले एक सप्ताह में प्रदेश के कुछ जिलों, विशेषकर सीमावर्ती जिलों से कोरोना के अधिक मामले आने से प्रदेश की कोरोना ग्रोथ रेट बढ़ी है। प्रदेश में पहले कोरोना ग्रोथ रेट 1.72 थी, जो बढ़कर 2.01 हो गई है। सभी जिलों में मास्क लगाने एवं फिजिकल डिस्टेंसिंग का कड़ाई से पालन हो यह सुनिश्चित किया जाए। सभी सीमावर्ती जिलों में पब्लिक एडवाइजरी जारी की जाए। सभी जिलों में सप्ताह में एक दिन आवश्यक प्रतिबंध लागू किए जाएं। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री श्री नरोत्तम मिश्रा, मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, डीजीपी श्री विवेक जौहरी, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य डॉ मोहम्मद सुलेमान आदि उपस्थित थे। बड़वानी, मुरैना एवं अन्य सीमावर्ती जिलों की समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि वहां कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ रहे



हैं। वहां सीमा पार दूसरे प्रांतों में संक्रमण अधिक होने से इन जिलों में संक्रमण बढ़ रहा है। इस पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मुख्य सचिव एवं डीजीपी को निर्देश दिए कि वे इस संबंध में मैकेनिज्म तैयार कर पब्लिक एडवाइजरी जारी करें। हमें प्रदेश में हर स्थान पर कोरोना संक्रमण को बढ़ने से हर-हाल में रोकना है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि प्रदेश में मास्क का प्रयोग अनिवार्य किया गया है। इसी प्रकार शॉपिंग मॉल, कार्यालयों आदि मैं सैनिटाइजर रखना आवश्यक है। ऐसा न करने पर जुर्माना किया जाए। सभी स्थानों पर फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन हो, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। बैठक में श्री सुलेमान ने बताया कि प्रदेश में किल कोरोना अभियान के अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। पहले प्रदेश में टेस्टिंग क्षमता 6000 टेस्ट प्रतिदिन थी, जो इस अभियान के चलते 12104 पहुँच गई है। किल कोरोना अभियान के अंतर्गत लिए गए सैंपल की पॉजिटिविटी दर 2.2 प्रतिशत आ रही है जो कि अच्छे संकेत हैं इंदौर जिले की समीक्षा में पाया गया कि वहां की हालत में निरंतर सुधार हो रहा है। इंदौर में कोरोना की पॉजीटिविटी दर निरंतर कम हुई है। पहले यह दर 11 प्रतिशत तक थी जो अब घटकर 2.12 प्रतिशत रह गई है। इंदौर में वर्तमान में 875 एक्टिव प्रकरण हैं तथा 3871 मरीज स्वस्थ होकर घर जा चुके हैं। इंदौर में मृत्यु दर एक प्रतिशत से भी नीचे आ चुकी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पूरी टीम को बधाई दी।

# कांग्रेस के झूठ की राजनीति का हम मुंहतोड़ जवाव देंगें: विष्णुदत्त शर्मा



**भोपाल।** प्रदेश में 15 सालों तक भाजपा की सरकार रही, मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने पूरी संवेदनशीलता के साथ काम किया, लेकिन झूठ के दम पर 15 महीनों के लिए आई कमलनाथ सरकार ने प्रदेश को बंटाढार कर दिया था। कमलनाथ ने दिग्विजय सिंह की छाया में प्रदेश का बर्बाद करने का काम किया। कांग्रेस ने किसान, युवा, महिला, बेरोजगार सहित हर वर्ग से झूठ बोलने का काम किया। कांग्रेस की इस झूठ की राजनीति का हम विधानसभा उपचुनावों में मुंहतोड़ जबाव देंगे। यह बात पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने बुधवार को प्रदेश कार्यालय, पं. दीनदयाल परिसर में आयोजित युवा मोर्चा की बैठक को सम्बोधित करते हुए कही। पूर्व में बैठक का शुंभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। श्री शर्मा ने कहा कि चौथी बार मुख्यमंत्री बनते ही शिवराजसिंह चौहान ने 100 दिनों में कोरोना संकट की विषम परिस्थितियां होते हुए भी समाज के हर वर्ग की सेवा की है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि कोरोना संकटकाल में पूरे देश में अगर किसी प्रदेश में मजदूरों की सेवाभाव के लिए जाना जाता है तो वह हमारा मध्यप्रदेश है। कांग्रेस ने वल्लभ भवन से सरकार चलाई, जिससे जनता से हमेशा इनकी दूर रही। 15 महीनों में प्रदेश में चारों ओर अराजकता और भयावह स्थिति थी। कमलनाथ सरकार ने भारतीय जनता पार्टी के समय शुरू की गयी जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद किया, बल्कि गरीबों पर अत्याचार किए और हमारे कार्यकर्ताओं और वैचारिक संगठनों पर प्रहार हुए।

# मध्यप्रदेश में खेलो इंडिया लघु केंद्र योजना की शुरूआत

## पूर्व चैंपियन खिलाड़ियों के माध्यम से किया जाएगा क्रियान्वयन

**भोपाल।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा खेलो इंडिया योजना के तहत जमीनी स्तर पर खेलों के विकास एवं प्रोत्साहन की महत्वपूर्ण खेलो इंडिया लघु केंद्र योजना प्रारंभ की जा रही है। योजना के अंतर्गत पूरे देश में एक हजार केंद्र स्थापित किये जाएंगे। जमीनी स्तर पर खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने की इस महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत इसका संचालन पूर्व चैंपियन खिलाड़ियों के माध्यम से किया जाएगा। प्रत्येक वर्ष तीन खेलो इंडिया केंद्रों का चयन खेल और युवा कल्याण विभाग के जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारियों द्वारा जिला कलेक्टर की अनुशंसा से किया जाकर प्रस्ताव संचालनालय खेल और युवा कल्याण मध्य प्रदेश को प्रेषित किए जाएंगे। पूर्व चैंपियन खिलाड़ी नवोदित खिलाड़ियों के प्रशिक्षक एवं मार्गदर्शक बने व उनके अनुभव का पर्याप्त उपयोग खिलाड़ियों के प्रशिक्षण पर किया जाए। साथ ही योजना मे यह भी सुनिश्चित किया गया कि इन पूर्व चैंपियन खिलाड़ियों को इस कार्य से कुछ आय प्राप्त हो सके। इस सिलसिले में प्रदेश के समस्त जिला खेल अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने जिले से वर्ष 2020 -21 के लिए अधिकतम दो प्रस्ताव का चयन कर निर्धारित प्रपत्र में 20 जुलाई, 2020 तक संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण को प्रेषित करें। चार वर्षीय इस योजना में पूरे देश में 1000 खेलो इंडिया सेंटर की स्थापना की जाना है। इसमें ओलंपिक में खेले जाने वाले 14 खेल यथा आर्चरी (तीरंदाज़ी), एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, बैडमिंटन, साइकिलिंग, फेंसिंग (तलवारबाज़ी), हॉकी, जूडो, रोइंग, शूटिंग, स्विमिंग (तैराकी), टेबल टेनिस, वेट लिफ्टिंग (भारोत्तोलन), रेसलिंग (कुश्ती) के साथ ही फुटबॉल एवं पारंपरिक खेल भी शामिल हैं। खेलो इंडिया सेंटर की स्थापना के लिए पूर्व चैंपियन खिलाड़ियों को प्रशिक्षक, सपोर्टिंग स्टाफ, खेल उपकरण क्रय, खेल किट, गैर-उपभोज्य (ष्ठ्ठद्बद्ब4ड्डद्य) एवं प्रतियोगिता में टीम को सम्मिलित करने के लिए अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। केन्द्रों का चयन करते समय खेल विभाग द्वारा संचालित 18 खेल अकादमियों के खेलों को प्राथमिकता दी जायेगी जिससे यह केन्द्र खेल अकादमी के सह प्रशिक्षण केन्द्र के रूप मे बेहतर प्रतिभा की नर्सरी तैयार कर सके। लघु खेलो इंडिया केंद्र योजना में पूर्व चैंपियन खिलाड़ियों द्वारा नवोदित खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण हेतु कुछ शुल्क भी पूर्व चैंपियन खिलाड़ी नवोदित खिलाड़ियों से प्राप्त कर सकते हैं। चयनित खेलो इंडिया केंद्रों को भारत सरकार द्वारा 4 वर्ष के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जावेगी। चार वर्षों के पश्चात पूर्व चैंपियन खिलाड़ियों की पहचान स्थापित प्रशिक्षक के रूप में होने से वह स्वयं के संसाधनों से केंद्र का संचालन भविष्य मे निरंतर कर सकेंगे। चयनित खेलो इंडिया केंद्र को भारत सरकार द्वारा एक मुश्त 5 लाख रुपये केंद्र प्रति खेल के मान से खेल मैदान के रख रखाव, उन्नयन, खेल उपकरण, खेल किट आदि के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। रिकरिंग वार्षिक अनुदान राशि 5 लाख रुपए प्रति खेल के मान से पूर्व चैंपियन खिलाड़ी प्रशिक्षक को मानदेय, सहायक स्टाफ, खेल उपकरण, खेल किट, गैर उपभोग सामग्री प्रतियोगिता में टीम को सहभागिता कराने आदि के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। चैंपियन खिलाड़ी प्रशिक्षक को अधिकतम 3 लाख रुपए वार्षिक मानदेय प्राप्त करने की अनुमति होगी।

# वन विहार में फिर शुरू हुई पर्यटकों की चहल-पहल

**भोपाल।** भोपाल का वन विहार राष्ट्रीय उद्यान एक बार फिर पर्यटकों की चहल-पहल से गुलजार हो उठा है। लॉकडाउन के बाद 22 जून 2020 से खुले वन विहार में 7 जुलाई तक 4,038 पर्यटक आ चुके हैं। इससे पार्क को 1 लाख 80 हजार 710 रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई है। सुरक्षा की दृष्टि से वन विहार में प्रवेश संबंधी दिशा-निर्देश भी जारी किये गये है। पार्क में भ्रमण करने आई श्रीमती चित्रलेखा विद्यार्थी का कहना है कि इतने दिनों घर में बंद रहने के बाद आज अपने परिवार के साथ यहाँ आकर प्राकृतिक वातावरण में बहुत अच्छा लग रहा है। वहीं अशोका गार्डन की श्रीमती



पलक प्रसन्ना कहती हैं पहले भी वन विहार आना हुआ लेकिन आज अनुभूति ही कुछ अलग है। इतने दिन लॉकडाउन में रहने के बाद आजादी का अहसास हो रहा है। सभी पर्यटक मास्क और दूरी का पालन कर रहे हैं। वन विहार पर्यटकों के लिये सुबह 6.30 बजे से 12 बजे तक और शाम 3 से 6.30 बजे तक 2 शिफ्टो में पर्यटकों के लिये खोला जाता है। इस बीच दोपहर 12 से 3 बजे तक का समय पार्क की पुन: सफाई और सैनिटाईज करने के लिए आरक्षित रखा गया है। वन विहार में कार्यरत एक कर्मचारी के 28 जून को कोरोना पॉजिटिव पाये जाने के बाद सैरसपाटा की ओर स्थित प्रवेश द्वार-2 को अस्थायी रूप से बंद करने के बावजूद पर्यटकों की संख्या में कोई कमी नहीं आई है। फिलहाल पर्यटक प्रवेश द्वार क्रमांक एक से ही प्रवेश कर रहे हैं। वन्य प्राणियों के साथ सेल्फी और प्राकृतिक सौन्दर्य का आनंद लेते हुए पर्यटकों का नजारा इन दिनों यहाँ आम है।

# पति से हुए विवाद के बाद गुस्साई विवाहिता ने एसिड पीकर की आत्महत्या

**भोपाल।** राजधानी के अयोध्या नगर इलाके मे पति से हुए विवाद के बाद गुस्साई विवाहिता द्वारा एसिड पीकर आत्महत्यापुलिस किये जाने की घटना समाने आई है। हालांकि पूलिस मामले मे आगे की जॉच कर रही है। पुलिस के अनुसार नारायण यादव पति मोहन यादव (30) निवासी अरेड़ी गांव अयोध्या बायपास गृहणी थी। उसका पति सेंटिंग बांधने का काम करता है।

# विवाहिता को शादी का झांसा देकर बनाया हवस का शिकार

**भोपाल।** राजधानी के हनुमानगंज थाना इलाके मे विवाहिता को शादी का झांसा देकर आरोपी द्वारा 47 वर्षीय पीड़िता के साथ ज्यादती का मामला सामने आया है। आरोपी ने दो साल पहले स्टेशन के पास स्थित एक होटल में पीडीता को अपनी हवस का शिकार बनाया था। पुलिस के अनुसार हबीबगंज इलाके में आरोपी नरेश कुमार गोपलानी चाय नाश्ते का ठेला लगाता है, और मंगलवारा में रहता है। 47 वर्षीय पीड़िता हनुमानगंज थाना क्षेत्र में रहती है। दोनों की बीते दो सालों से मुलाकात थी। पीडीता ने अपनी शिकायत मे बताया कि आरोपी ने वर्ष 2018 मई माह में फरियादिया के साथ भोपाल स्टेशन के पास में स्थित एक होटल में ज्यादती की थी।

# जब सरकार है तो साहूकार के पास जाने की क्या जरूरत है

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्ट्रीट वेंडर ऋण योजना एवं ग्रामीण कामगार सेतु पोर्टल का शुभारंभ किया

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि जब सरकार है तो जनता को काम-धंधे के लिए ऋण के लिये साहूकारों के पास जाने की क्या आवश्यकता है। सरकार अब शहरी स्ट्रीट वेंडर्स की तरह ही ग्रामीण स्ट्रीट वेंडर्स को भी उनके कार्य एवं व्यवसाय के लिए 10 हजार की कार्यशील पूंजी बैंकों से बिना ब्याज के उपलब्ध कराएगी। ब्याज की राशि राज्य सरकार भरेगी। इसके लिए हितग्राहियों द्वारा बैंक को किसी प्रकार की प्रतिभूति अथवा धरोहर राशि नहीं देनी होगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मंत्रालय में मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर ऋण योजना तथा ग्रामीण कामगार सेतु पोर्टल का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्री मनोज श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे। योजना शुभारंभ के पश्चात ग्रामीण पथ विक्रेताओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि योजना में जाति, शैक्षणिक योग्यता आदि का कोई बंधन नहीं होगा। ग्रामीण क्षेत्रों के 18 से 55 वर्ष के पथ विक्रेता इस योजना का लाभ ले सकेंगे। केश शिल्पी, हाथ ठेला चालक, साइकिल रिक्शा चालक,



कुम्हार, साइकिल एवं मोटरसाइकिल मैकेनिक, बढ़ई, ग्रामीण शिल्पी, बुनकर, धोबी, टेलर, कर्मकार मंडल से संबंधित कामगार इस योजना का लाभ ले सकेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि आवेदन करने के 30 दिन के अंदर बैंक द्वारा ऋण प्रकरण स्वीकृत किया जाएगा। प्रकरणों का निराकरण %पहले आओ-पहले पाओ% के आधार पर होगा। योजना पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा चलाई जाएगी तथा जिले में इस योजना का नोडल अधिकारी कलेक्टर होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा दी गई है। आवेदक कामगार सेतु पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसके अलावा कियोस्क के माध्यम से भी आवेदन किया जा सकेगा। ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत कार्यालयों में भी आवेदन करने की सुविधा होगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को किसी भी प्रकार का शुल्क, प्रतिभूति अथवा धरोहर राशि जमा नहीं करानी होगी। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि आवेदकों से किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार का कोई शुल्क न वसूला जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने महतगवां जिला छतरपुर के स्ट्रीट वेंडर सुनील अहिरवार से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बातचीत की। सुनील ने मुख्यमंत्री को बताया कि वे लुधियाना में समोसे का ठेला लगाते थे, परंतु लॉकडाउन के कारण गांव वापस आ गए हैं तथा अब उनके पास ठेला लगाने के लिए राशि नहीं है। उन्हें स्ट्रीट वेंडर योजना में राशि मिलेगी तो वह दोबारा अपना ठेला लगाएंगे। मुख्यमंत्री ने उन्हें कार्य के लिए शुभकामना देते हुए कहा कि जब उनका ठेला चालू हो जाएगा तो वे स्वयं वहां समोसा खाने आएंगे।

## संपादकीय

# लाज्मा बैंक से उम्मीद

भारत में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या 7 लाख पार कर चुकी है और भारत दुनिया का तीसरा प्रभावित देश है। वायरस अब उन राज्यों में पहुंच रहा है जो या तो ग्रीन जोन बन चुके थे या फिर मामले काफी कम थे। दुनिया के कई देशों में फिर से लॉकडाउन जैसी स्थिति है। समूची दुनिया में कोरोना वायरस से फैली महामारी के सामने सबसे बड़ी चुनौती अब तक यही है कि इसका इलाज आखिर कैसे खोजा जाए। बल्कि यह महामारी वैश्विक चिंता की वजह ही इसलिए बनी है कि इसका कोई कारगर इलाज अब तक नहीं ढूंढा जा सका है। लेकिन यह भी सही है कि इसके लिए कई देशों में चिकित्सकीय अनुसंधान, परीक्षण और प्रयोग चल रहे हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि इससे बचाव के लिए जल्दी ही किसी टीके का निर्माण हो जाएगा। लेकिन इस बीच पहले से मौजूद विकल्पों को आजमाने में कोई कमी नहीं की जा रही है, ताकि सीमित संसाधनों में लोगों की जान बचाई जा सके। ङ्खासतौर पर दिल्ली में जिस तरह कोरोना संक्रमितों के इलाज में प्लाज्मा थेरेपी तकनीक का इस्तेमाल किया गया और उसमें अप्रत्याशित सफलता मिलने की बात कही गई, उसने उम्मीद की एक नई किरण जगाई। दिल्ली के लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल में कोरोना से संक्रमित 35 मरीजों के इलाज में प्लाज्मा तकनीक का इस्तेमाल किए जाने और उनमें से 34 मरीज के ठीक होने का दावा किया गया। अगर इस तकनीक से इलाज में कामयाबी की दर वास्तव में इतनी ज्यादा है, तो इसे प्रोत्साहित किया जाना चाहिए! इसी के मद्देनजर दिल्ली सरकार ने प्लाज्मा बैंक बनाने की घोषणा की है, जो कोरोना संक्रमित मरीजों के इलाज में मददगार साबित हो सके। इसमें वैसे लोगों से रक्तदान करने की अपील की गई है, जो कोरोना से संक्रमित होकर ठीक हो गए हैं। उनके रक्त से प्लाज्मा निकाल कर मौजूदा मरीजों का इलाज किया जाएगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों की जान बचाई जा सके। प्लाज्मा बैंक किसी सामान्य रक्त बैंक की तरह ही काम करेंगे, लेकिन जाहिर है, उनमें कोरोना संक्रमण से मुक्त होकर ठीक हो गए लोगों के रक्त होंगे। दिल्ली सरकार का कहना है कि उसने प्लाज्मा थेरेपी का ट्रायल किया था, जो कामयाब रहा है। उत्साहजनक बात यह थी कि कुछ समय पहले सरकार की अपील पर बिना किसी हिचक के वैसे लोग रक्तदान के लिए आगे आए, जो कोरोना संक्रमित होकर ठीक हो चुके थे। लेकिन समस्या यह थी कि तात्कालिक इंतजामों के अलावा सरकार के पास ऐसे रक्त के लिए अलग से बैंक जैसी कोई नियमित व्यवस्था नहीं थी। अब इसके लिए एक बैंक के काम करना शुरू करने के बाद उम्मीद की जानी चाहिए कि इस तकनीक से मरीजों के कारगर इलाज में मदद मिल सकेगी। इससे पहले इबोला, सार्स आदि बीमारियों के इलाज में प्लाज्मा थेरेपी का सहारा लिया गया था। अब चीन और कोरिया में कोविड-19 मरीजों के इलाज में प्लाज्मा तकनीक के सफल प्रयोग होने की बात कही गई है। दूसरे देश भी इसे आजमाने की ओर बढ़ रहे हैं। गौरतलब है कि ताजा आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली में 83 हजार से ज्यादा लोग कोरोना संक्रमित हैं, लेकिन इनमें से करीब 52 हजार लोग ठीक हो चुके हैं। यानी अंदाजा लगाया जा सकता है कि अगर प्लाज्मा तकनीक के जरिए कोरोना के मरीज पूरी तरह ठीक हो सकते हैं और कोरोना संक्रमण से मुक्त लोग रक्तदान के लिए आगे आएं तो इस महामारी से लडऩे में कितनी बड़ी मदद मिल सकती है। यह स्थिति देश भर में बन सकती है। लेकिन यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि कोविड-19 के मरीजों के इलाज के लिए अब तक जितनी भी पद्धतियां अपनाई गई हैं, दवाइयों का सहारा लिया गया है, वे सभी फिलहाल प्रयोग और परीक्षण की अवस्था में हैं। परीक्षण और कामयाबी की अपनी जटिलता होती है। इसलिए इस मामले में अपेक्षित सावधानी बरतने की जरूरत है।

# कोरोना के कारण विश्व की सबसे बड़ी गौशाला संकट में!



पश्चिमी राजस्थान के जालोर ज़िले में स्थित पथमेड़ा गौ शाला जो विश्व की सबसे बड़ी गौ शाला है। इस गौ शाला में लाखों की संख्या में गायों की सेवा की जा रही है, सेंकड़ों की संख्या में गौ सेवक कार्य कर रहे हैं। प्रतिदिन बड़ी मात्रा में गायों के लिए चारा अथवा पोष्टिक आहार की व्यवस्था की जा रही है लेकिन विगत कुछ समय में वैश्विक महामारी गायों के मुँह से निवाला छीनने की कोशिश कर रही है। गाय के महत्व को देखकर सरकार और समस्त भारतीय लोगों को इस विकट परिस्थितियों में मानव जाति के साथ साथ अपने अपने क्षेत्र के गौ शाला में यथायोग्य सहयोग देना चाहिए।आज धार्मिक अंधता ने लोगों में एक- दूसरे धर्म के प्रति द्वेष भावना को अत्यंत व्यापक रूप से फैला दिया है

आज गाय के गुणों का अन्य धर्म की धारणा देकर बहिष्कार कर दिया जाता है। भारत में आज बहुतायत में गायों का कत्ल किया जा रहा है वो भी सरकारी मान्यता के साथ। लेकिन वास्तविक दृष्टि से देखा जाए तो गायों को मारने से ज्यादा बचाने के लाभ हैं प्रकृति जिस प्रकार हमें निस्वार्थ वस्तुएं प्रदान करती हैं ठीक उसी प्रकार गाय भी निस्वार्थ भाव से अनेक वस्तुएं प्रदान करती हैं जैसे पंचगव्य, गाय के दूध, दही, घृत, गौमय और गौ मूत्र से बनता है, जो शरीर के समस्त रोगों को दूर करने का सामर्थ्य रखता है।

गौ संरक्षण का कार्य पथमेड़ा गौ शाला अनवरत 25 सालों से कर रहा हैं। और सबसे रोचक बात यह है कि इस गौ शाला के द्वारा संचालित एक नंदीशाला जिसमें हज़ारों की संख्या में बेल अथवा नंदी(सांड) की निस्वार्थ भाव से सेवा की जा रही है। आज विषम परिस्थितियों में भी पूर्ण रूप से गायों की सेवा की जा रही हैं लेकिन सैकड़ों की संख्या में कार्यरत सेवा कर्मियों के लिए परिवार पालन की आवश्यक वस्तुओं हेतु सरकार से सहयोग की आशा हैं।(यथोचित अपने क्षेत्र में गौ सेवा का कार्य अवश्य करें) आज हमारे देश में गाय को काटकर पैसे कमाने की जगह यदि गाय का संरक्षण करके उससे प्राप्त प्रत्येक अवयवों का सम्पूर्ण रूप से निर्वहन किया जाए तो भारत को विकसित अथवा महाशक्ति शाली बनने से कोई रोक नहीं सकता। इधर मनुष्य की उदारता देखो जब कोई पशु अथवा पक्षी पूर्ण रूप से समाप्त होने के कगार पर आ जाते हैं तब उनके लिए कानून बनाया जाता है जैसे जब बाघ पूर्ण रूप से विलुप्त के कगार पर आए तब उनके लिए बाघ संरक्षण अधिनियम बनाया गया। यदि आप पहले कानून बनाते तो वो लुप्त भी नहीं होते वैसे ही आज गायों की संख्या बहुत बड़ी मात्रा में हैं लेकिन उनके संरक्षण के लिए कोई कानून नहीं लेकिन जब ये भी लुप्त के कगार पर आ जाएगी तब उनके संरक्षण के लिए कानून बनाया जाएगा पर तब वह कानून किस काम आएगा?



**कवि दशरथ प्रजापत पथमेड़ा,**
जालोर (राजस्थान)

## संस्कार

संस्कार मनुष्य को मनुष्य बनाते हैं
उसे जीना सिखाते हैं
संस्कार पेड़ पर नहीं लगते
बाजार में नहीं बिकते
संस्कार हमें घर से,
परिवार से,,,,,और,,, परिवेश तथा परवरिश से मिलते हैं
संस्कार हमें सदैव सद्मार्ग की ओर ले जाते हैं,,,,,
वे हमारे जीवन पथ को आलोकित करते हैं,,,,
दीप की तरह टिमटिमाते हैं,, ।
संस्कार हैं तो सुखद संसार है,
सुख है,समृद्धि है,,,,
वैभव का विस्तार है,,,
संस्कार ही तो मनुज का श्रृंगार है,,,,
संस्कार के बिना सब कुछ बेकार है,,।

**श्याम सुन्दर श्रीवास्तव, कोमल**
लहार,भिण्ड,म0प्र0



# पाक के रास्ते चीन की भारत को घेरने की रणनीति

चीन अब पाकिस्तान के रास्ते वह भी पाक के कब्जे वाले कश्मीर की भारत की घेराबंदी कर रहा है। पाकिस्तान की भारत से लगने वाली सीमा पर भारी संख्या में चीनी सैनिकों की मौजूदगी बढ़ती जा रही है। चीन भारत से लगी कश्मीर से गुजरात की सीमा पर एयरपोर्ट का जाल बिछा रहा है। चीनी सैनिकों के लिए भारतीय सीमा के पास दो चीनी एयरपोर्ट बन चुके हैं जबकि दो और एयरपोर्ट बन रहे हैं। चीन भारतीय सीमा के पास पाकिस्तान को बंकर बनाने में भी मदद कर रहा है। दरअसल चीन पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भारतीय सीमा के पास हजारों करोड़ का निवेश कर चुका है जिसकी सुरक्षा के लिए चीनी आर्मी भी सक्रिय है। राजस्थान की जैसलमेर के घोटारु सीमा के ठीक सामने 25 किलोमीटर की दूरी पर कदनवाली के खेरपुर में चीन का एयरबेस तैयार हो चुका है। यहां पर चीनी सैनिकों की मौजूदगी कुछ महीनों में बढ़ी है। बड़ी बात है कि पाकिस्तान ने इस एयरबेस पर मिग-21 के समकक्ष चीन से मिले चेनगुड जे-7 फाइटर विमान, जे.एफ-17 फाइटर विमान, वाई-8 रडार और कई अत्याधुनिक संसाधन उतरते रहते हैं। इसी तरह बाड़मेर में मुनाबाव के सामने थारपारकर में भी चीनी सैनिक एयरपोर्ट बना रहे हैं। इसकी दूरी भी भारतीय सीमा से करीब 25 किलोमीटर है। यह एयरपोर्ट फिलहाल बन रहा है।चीनी सैनिक केवल राजस्थान सीमा पर ही नहीं बल्कि गुजरात से लगती सीमा पर भी एयरपोर्ट तैयार कर रहे हैं। गुजरात के सीमा के सामने 20 किलोमीटर दूर मिठी में एक एयरपोर्ट बन रहा है। इसी तरह चीन-पाकिस्तान कॉरिडोर के नाम पर रेल पटरियां बिछाने की योजना है। जिस पर काम चल रहा है। हालांकि पाकिस्तान का कहना है कि चीन की मदद से बने इस एयरपोर्ट का इस्तेमाल चीन की तेल और गैस निकालने वाली कंपनियां करेंगी क्योंकि करांची एयरपोर्ट से इन्हें यहां तक पहुंचने में दिक्कतें आती थीं। लेकिन ये पाकिस्तान और चीन की चाल भी हो सकती है जिस पर कड़ी नजर रखनी होगी। जैसलमेर के सामने पाकिस्तान के पीरकमाल और चोलिस्तान में बड़ी संख्या में चीनी सैनिक देखे जाते रहे हैं। जो कि भारत के लिए बड़ी चुनौती बन सकते हैं। वर्षों से वीरान पड़े रेगिस्तान में चीन की दिलचस्पी और सामरिक ठिकानों को बनाने की ये कोशिश भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के लिए हैरान करने वाली है। कराची, जकोकाबाद, क्वेटा, रावलपिंडी, सरगोडा, पेशावर, मेननवाली और रिशालपुर जैसे एयरबेस को चीनी सैनिक अत्याधुनिक बना रहे हैं। चीन केवल सामरिक ठिकाने ही नहीं तैयार कर रहा है बल्कि वह बीकानेर से लेकर गुजरात की सीमा पर पाकिस्तान को पक्के बंकर बनाने में भी मदद कर रहा है। रेत के टीलों में पक्के बंकर का निर्माण भी भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के लिए कान खड़े करने वाले हैं।अब तक 350 से ज्यादा बंकर चीनी मदद से पाकिस्तान तैयार कर चुका है। राजस्थान से पाकिस्तान की लगी 1025 किलोमीटर की सीमा पर चीन की 30 से ज्यादा कंपनियां तेल और गैस की खोज के अलावा कंस्ट्रक्शन के कामों में लगी हैं। भारत से लगी पाकिस्तान की सीमा पर चीन की बड़ी कंपनियों का कब्जा है। यहां तक कि चीन पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर का एक हिस्सा बॉर्डर के इलाके से ही गुजरता है जिस पर चीन करीब 100 बिलियन डॉलर खर्च कर रहा है। भारतीय रक्षा विशेषज्ञों का यह मानना है कि अब भारत को पाकिस्तान को ध्यान में रखकर नहीं बल्कि चीन की पाक में बढ़ती मौजूदगी को ध्यान में रखकर अपनी सुरक्षा नीति बनाना होगी।

## जन्म दिवस

चित्त प्रसन्न, मन हर्षित हैं
जीवन आज आनंदित हैं
संस्कृति के संस्कार में
जन्म दिन से उत्साहित हैं
प्रकृति से बंधा मानस हैं
आज मेरा जन्म दिवस हैं

सभी गुरु मेरे आदर्श हैं
तन मन से सब स्पर्श हैं
नवचेतना के प्रकाश में
जीवन का बढ़ एक वर्ष हैं
जीवन एक तरकश हैं
आज मेरा जन्म दिवस हैं

**लक्ष्मीकांत**
मौलिक व सर्वाधिकार सुरक्षित।



# पर्यटन-पर्यावरण और प्रकृति में जंगलों का योगदान

दुनियां भर की सारी की सारी पृथ्वी पर चलता फिरता मनुष्य प्रकृति द्वारा संचालित ईश्वर की अनुपम देन है और जब यही मनुष्य कुदरत पर उंगुली उठाता है, उसे चुनौती देता है, उससे अनावश्क छेड़ छाड़ करता है तो विपरीत आते परिणाम मानव समाज को ही भुगतना पड़ते है फिर चाहे वह किसी भी रुप में रहे हो इंसान कुदरत की मार से बच नही पाता। आज सारी दुनियां कोरोना वायरस से परेशान है इस महामारी में भी कही न कही इंसान की गलतियां शामिल है जिसे वह भुगत रहा है। ठीक इसी प्रकार पर्यावरण भी प्रकृति संचालन का ही एक अहम हिस्सा है यानि मानव समाज और पर्यावरण एक दूसरे के पूरक है। अतएव यह कहना गलत नहीं होगा कि मानव और पर्यावरण एक ही सिक्के के दो पहलू होकर इनका आपस में चोली दामन का साथ है। जब-जब भी मनुष्य ने आपस में स्थापित संतुलन को बिगाड़ने का प्रयास किया है परिणाम घातक ही सामने आए है। मानव प्रकृति पर्यावरण में संतुलन सामंजस्य बना रहे इस हेतु हमारे जीवन में हमेशा से पेड़ पौधे हरियाली का उल्लेखनीय महत्वपूर्ण संबंध स्थापित रहा है 7 मानव जीवन में पेड़ पौधे पर्यावरण तक सीमित नहीं किए जा सकते यह तो मानव जीवन का एक अनिवार्य अंग होकर जीवन जीने का आधार है वगैर पेड़-पौधौं अथवा जंगल के मानवीय जीवन की कल्पना भी नही की जा सकती। हमें याद रखना होगा कि भारतीय परिवेश में हरे-भरे पेड़ एक नही कई तरह की प्रचलित मान्यताओं के तहत पूज्यनीय है यानि पेड़-पौधों का धार्मिक महत्व भी उजागर है। वही इन तथ्यों से हम भलिभांत परिचित है कि पेड़-पौधौं का हमारे स्वास्थ के अलावा रोजगार चाहे वह गुणकारी जड़ी-बूटी, तेंदू पत्ता आदि के माध्यम से रहा हो, सब मिलाकर यह कहा जा सकता है कि जंगल



अथवा वृक्षों का देश-प्रदेश की समृद्धि में प्रद्धत योगदान को भुलाया नही जा सकता। अतएव हम सब का यह नैतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक दायित्व बन पड़ता है कि पौधारोपण ही नही करें अपितु उस पौधा की देखभाल भी करें ताकि वह वृक्ष बन कर हरियाली के साथ देश-प्रदेश के विकास में अपना मूक योगदान दे सकें। जग जाहिर है कि चंदेरी एक प्राकृतिक सौंदर्य युक्त रमणीय पर्यटन स्थल है। नगर में आने वाले देशी-विदेशी सैलानियों को जितना किला, महल, मंदिर-मस्जिद, मठ-मकबरा, कुंआ-बावड़ियां, पत्थरयुक्त पुरानी गलियां और हथकरघा पर निर्मित चन्देरी साड़ियां इत्यादि आकर्षित करती हैं। उसी अनुपात में यहां स्थित ऊंची-नीची पहाड़ियां, घने जंगल, बरसात में पहाड़ों पर दिखाई देती घनी-घनी हरियाली उसके मन को एक अलग प्रकार के आनंद और सुकून का अनुभव प्रदान करती है। इतिहास गवाह है कि प्रागैतिहासिक अथवा पाषाणकाल में मानव सभ्यता जंगल, पहाड़ी गुफाओं में ही पली पुसी है। चंदेरी के जंगल-हरियाली का पर्यटन क्षेत्र में अहम मुकाम है क्योंकि एक नहीं अनेक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (भारत सरकार) द्वारा संरक्षित राष्ट्रीय महत्व के स्मारक एवं म.प्र.शासन पुरातत्व विभाग द्वारा ऐतिहासिक महत्व के संरक्षित स्मारकों के अलावा अन्य दर्शनीय धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थल वन क्षेत्र अंतर्गत स्थापित हैं। मसलन बूढ़ी चंदेरी के मंदिर, गढ़ी आदि, बत्तीसी बावड़ी, कटी घाटी, बेहटी मठ, लिखीदांत शैलाश्रय नानौन, सिंहपुर महल, भरकाधाम, मालन खो इत्यादि। बेशक *पचमढ़ी* मध्य प्रदेश का एकमात्र हिल स्टेशन है। तो यह भी उतना ही सच है कि चंदेरी ग्वालियर संभाग का एकमात्र *हिल स्टेशन* है। दोनों में यदि अंतर देखें तो पचमढ़ी बारह माह *हरी-भरी* दिखाई देती है चंदेरी नहीं। कारण है चंदेरी की पहाड़ियों को मनुष्य अपने स्वार्थवश बहुत हद तक नंगा करने में जुटा हुआ है वह यह नही समझ रहा है कि नुक्सान मानव समाज को उठाना है और यह भी सत्य है कि उसके द्वारा किए जा रहे प्रकृति के विरूद्ध कृत्यों का बेबजह खामियाजा नगर का पर्यावरण-पर्यटन भुगत रहा है। फिर भी बरसात के मौसम में हरी-भरी पहाड़ियां चंदेरी को पचमढ़ी के मुकाबले में लाकर खड़ा कर देती है। हम खुशनसीब है कि जिला अशोकनगर अंतर्गत सर्वाधिक जंगल चन्देरी क्षेत्र में मौजूद है। बेतबा एवं ओर (उर्वशी) नामक दो प्राचीन नदियां भी चन्देरी क्षेत्र से गुजरती है। आशय यह है कि कुदरत ने अपनी नायाब नियामतों से हमें नवाजा है तो हमारा भी नैतिक दायित्व बनता है कि हम उस कुदरती दौलत को संभाल कर रखें लेकिन विपरीत इसके देखा यह जा रहा है जंगलों में खड़े पेड़ों को बेहताशा काटा जा रहा है अपने व्यक्तिगत स्वार्थ के चलते अतिक्रमण, दोहन आदि कर प्रकृति की छाती को छलनी किया जा रहा है।

## ताटंक छन्द गीत

बौराए तरु हैं अमुवा के ,मस्त-बहारें *छाई है।
इन्द्र -धनुष* के रंग बिखेरे ,सावन की रुत आयी है।

कोकिल ,*कूक करे नित मोहक ,चहक रही क्यारी-क्यारी *।
गंध बिखेरी है पुष्पों ने ,सुध बिसराई है सारी ।
मधुकर की मीठी गुंजन ने ,अजब रागिनी गायी है ।
बौराए तरु हैं अमुवा के ,सावन की रुत आयी है ।

अकुलाई सी शुष्क धरा पर ,जब रिमझिम बूँदें *आती ।
अहा !सुहाना दृश्य प्रकृति* का ,मैं अविरल तकती जाती ।
निर्झर बहकर सरित,* मनोहर ,सागर बीच समाई है ।
बौराए तरु हैं अमुवा के ,सावन की रुत आयी है ।

झूले पड़ने लगे डाल पर, राधा मोद करें प्यारी ।
छन- छन* पायल बजे पाँव में ,अँखियाँ* काजल से कारी ।
अपलक-* रूप निहारे सजना,लाज,* नयन भर आयी है ।
बौराए तरु हैं अमुवा के ,सावन की रुत आयी है ।

बम -बम *भोले ऊँचे स्वर से ,काँवड़िये गाते जाते ।
बिल्व -*पत्र से शिव -*पूजन कर ,भक्ति भाव में खो जाते ।
शिव -*शंकर की छवि सुखकारी
नर -*नारी मन भायी है ।
बौराए तरु हैं अमुवा के ,सावन की रुत आयी है ।

**रीना गोयल**
(हरियाणा)



# सारा ने बालीवुड में बनाई अलग पहचान

**मुंबई ।** नवागत ऐक्ट्रेस सारा अली खान ने बालीवुड में अपनी एक खास जगह बना ली है। अब सारा की तुलना ऐक्ट्रेस? अनन्या पांडेय और जाह्नवी कपूर के साथ होने लगी है। फैंस को इन तीनों ही एक्ट्रेस की फिल्मों का बेसब्री से इंतजार रहता है। तीनों ही बॉलिवुड की ऐसी यंगेस्ट ऐक्ट्रेसेस में शुमार हैं जिनकी फिल्में देखने को फैंस बेताब रहते हैं। हालांकि इन ऐक्ट्रेसेस की मानें तो यह आपस में कंपैरिजन जैसा कुछ भी नहीं मानतीं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान जब सारा अली खान से अनन्या पांडेय और जाह्नवी कपूर के बारे में बात की गई तो सारा ने कहा कि किसी भी तरह की तुलना ठीक नही है। उन्होंने कहा कि ऐसे कंपैरिजन का कोई सेंस नहीं बनता है। ऐक्ट्रेस सारा अली खान ने कहा कि वह अनन्या या फिर जाह्नवी के साथ किसी भी तरह का कंपैरिजन फील ही नहीं करती। वह महज अपने काम पर फोकस करती हैं। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास केवल अपना बेस्ट देने का होता है। सारा ने कहा कि वह अनन्या और जाह्नवी के लिए हमेशा विश करती हैं कि वह अपने काम में बेस्ट परफॉर्म करें। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह भी उनके लिए बेस्?ट विश करती होंगी। सारा अली खान ने कहा कि हम तीनों अच्छे दोस्त हैं। उम्मीद करते हैं कि सभी अपने-अपने मकाम पर सफलता पाएं। बस समझ यह नहीं आता कि लोग क?यों गाहे-बगाहे हमारी तुलना करते रहते हैं। सारा ने कहा कि हम तीनों अलग-अलग हैं। तीनों का काम अलग-अलग है। ऐसे में किसी कंपैरिजन को कोई मतलब नहीं बनता। वैलेंटाइन डे पर रिलीज हो रही फिल?म %लव आज कल% में सारा अली खान ऐक?टर कार्तिक आर्यन के साथ नजर आएंगी। यह साल 2009 में आई फिल?म %लव आज कल% का सीक?वल है। इस फिल?म में लीड ऐक?टर सारा अली खान के फादर सैफ अली खान थे।



## इम्तियाज बोले जोई के लिए सारा ही पहली पंसद

हाल में सारा और कार्तिक आर्यन की मुख्य भूमिकाओं वाली फिल्म %लव आज कल% का ट्रेलर रिलीज हुआ है, इस काफी पसंद किया जा रहा है। इम्तियाज अली के डायरेक्शन में बनी फिल्म में सारा एक लीड रोल जोई का किरदार निभा रही हैं। इस मूवी को इम्तियाज अली की 2009 वाली फिल्म का फॉलोअप माना जा रहा है जिसमें सैफ अली खान और दीपिका पादुकोण लीड रोल में थे। अब इस फिल्म में सैफ की बेटी सारा लीड रोल में हैं। इस बारे में इम्तियाज अली ने कहा कि सारा में ऐसी क्षमता है कि वह हिरोइनों की इमेज बदल सकती हैं। उन्होंने कहा, %जोई का किरदार मेरे लिए खास है। वह एक ऐसी लड़की है जो इमोशनली बहुत नाजुक है लेकिन वह मॉर्डन लड़की है जो अपनी भावनाओं को जाहिर नहीं करना चाहती है। वह अपने दिमाग और दिल के बीच उलझी हुई है। वह अपनी पर्सनल और प्रफेशनल लाइफ के बीच भी उलझ जाती है। सारा की तारीफ में इम्तियाज ने कहा,सारा को इमोशंस की गहरी समझ है। उनका लुक, वॉइस, बोलने का तरीका और हर तरह से बिल्कुल सटीक हैं जो उन्हें एक बेहद उम्दा नैचरल अभिनेत्री बनाती हैं। सारा में वह सबकुछ है जिससे वह परंपरागत इंडियन हिरोइन की इमेज को बदल सकती हैं।

# कंगना ने थलाइवी के सेट पर मनाया जश्न



**चेन्नई।** कंगना रनौत को एक साथ दो-दो खुशखबरी मिली हैं। पहले तो उनकी हालिया रिलीज फिल्म पंगा बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है और दूसरी तरफ उन्हें पद्म श्री पुरस्कार देने की घोषणा की गई। कंगना रनौत ने अपनी अपकमिंग फिल्म थलाइवी के सेट पर इन दोनों खुशखबरों को जश्न मनाया। ऐक्ट्रेस की बहन रंगोली चंदेल ने अपने ट्विटर हैंडल पर जश्न की तस्वीर शेयर की हैं। चेन्नई में फिल्म थलाइवी के एक गाने की रिहर्सल कर रहीं कंगना रनौत के लिए सरप्राइज सेलिब्रेशन के लिए फिल्म के सेट व्यवस्था की गई थी। ऐक्ट्रेस ने फिल्म के सेट पर थलाइवी की टीम के साथ केक काटा। इस दौरान उन्होंने मरून कलर का सूट पहना हुआ था। पद्म श्री मिलने की घोषणा के बाद खुशी जाहिर करते हुए कंगना रनौत ने कहा कि मैं ये सम्मान पाकर काफी विनम्र हूं। मैं भारत सरकार और अपने फैंस की आभारी हूं। मैं अपने देश को धन्यवाद करना चाहूंगी जो सम्मान उन्होंने मुझे दिया। यह पुरष्कार मैं हर उस महिला को समर्पित करना चाहूंगी जो सपनों को पूरा करने की हिम्मत रखती हैं। इसके साथ ही यह पुरस्कार हर उस बेटी, मां और औरत के लिए है जो इस देश को बेहतर बनाने में मददगार हैं। बता दें कि कंगना रनौत अलावा एकता कपूर और करण जौहर को भी पद्म श्री देने की घोषणा हुई है।

# शालीना नथानी के लिए सबसे स्टाइलिश स्टार है शाहरुख

बॉलीवुड की सेलिब्रिटी स्टाइलिस्ट शालीना नथानी का मानना है कि स्टाइल वह है, जिससे फैशन बनता है। आप वास्तविक जीवन में जो भी पहनते हैं वह स्क्रीन पर काफी अलग दिखता है। ईमानदारी से कहूं तो मेरे लिए शाहरुख खान सबसे ज्यादा स्टाइलिश इंसान हैं। हर दिन वो जिस तरह कपड़े पहनते हैं मुझे उसका तरीका पसंद है। उनका व्यक्तिगत स्टाइल शानदार है। उन्हें ब्लू जींस के साथ, सफेद टी-शर्ट, कूल जैकेट



और एक बेहतरीन स्नीकर का जोड़ा बहुत पसंद है। मुझे कपड़ों और लोगों के बारे बस इतनी दिलचस्पी है कि वे कैसे अलग-अलग तरीके से उसे पहनते हैं। जैसे एक सफेद शर्ट है, लेकिन मुझे दिलचस्पी इस बात में है कि लोग उसे किस तरह पहन रहे हैं। कहने का अर्थ है कि वे कैसे शर्ट के बाजुओं को मोड़ते हैं उसके साथ क्या एससरीज पहनते हैं। मेरे लिए हर सर्दी के हर मौसम का ट्रेंड इस बात पर निर्भर करता है कि आप ने कपड़ों की लेयरिंग कैसे की है।

# आलिया भट्ट ने दी कंगना रनौत को बधाई



हाल में बॉलिवुड की %क्वीन% कंगना रनौत को पद्म श्री अवॉर्ड दिए जाने की घोषणा हुई थी। इसके बाद से ही फैन्स और फिल्म इंडस्ट्री के लोग कंगना रनौत को बधाइयां दे रहे हैं। अब इस लिस्ट में एक और नाम जुड़ गया है। दरअसल अब आलिया भट्ट ने भी कंगना रनौत को पद्म श्री मिलने की बधाई दी है। उन्होंने एक नोट और फूल भेजकर बधाई दी है। कंगना की बहन रंगोली ने एक आलिया के नोट और फूलों की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर कर इस बात की जानकारी दी है। रंगोली ने ट्वीट कर कहा, %ये देखो आलिया जी ने भी कंगना को फूल भेजे हैं, कंगना का पता नहीं मगर मुझे बहुत मजा रहा है।% कंगना को बधाई भेजने पर ट्विटर यूजर्स भी आलिया की तारीफ कर रहे हैं।

# करण ने माना मेरे जीवन की सबसे बड़ी भूल थी के3जी

**मुंबई ।** फिल्ममेकर करण जौहरको उनकी बेहतरीन फिल्मों की ही तरहस उनके बेबाक अंदाज के लिए भी जाना जाता है। हाल ही में एक टॉक शो के दौरान करण जौहर ने अपनी फिल्म के3जी यानी कि कभी खुशी कभी गम को लेकर कहा कि इस फिल्म का निर्माण उनके जीवन की सबसे बड़ी भूल थी। करण ने कहा यह फिल्म उनके मुंह पर तमाचे की तरह थी। करण जौहर ने कहा जब वह यह फिल्म बना रहे थे, तो उन्हें लगा कि वह हिंदी सिनेमा की बेहतरीन और यादगार फिल्म बना रहे हैं। इस काम के लिए उन्हें अरसे तक याद रखा जाएगा। मसलन मुगल-ए-आजम, आमिर खान की लगान और फरहान अतर की दिल चाहता है जैसा ही कुछ। करण जौहर ने कहा कि के3जी में उन्होंने स्टोरीलाइन कभी कभी से ली। इसके अलावा हम आपके हैं कौन से उन्होंने फैमिली वैल्यूज को लिया था। उन्होंने कहा कि उम्मीद थी कि यह फिल्म लोगों को हमेशा याद रहेगी। हकीकत इससे इतर रही है और यह फिल्म उनके मुंह पर तमाचे जैसी लगी। करण जौहर ने कहा कि फिल्म को लेकर काफी खराब रिस्पांस मिला था।

# कंगना बोली एक्टर होना एक प्रिवलेज जॉब

बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने देश में एक प्रिवलेज जॉब को एक्टर होना कहा है जबकि फिल्म मेकर्स की जो कीमत होनी चाहिए वह नहीं होती है। बता दें ?कि उन्होंने अपनी फिल्म ÷पंगा÷ के प्रमोशन पर ÷मणिकर्णिका ॔द क्वीन ऑफ झांसी÷ फिल्म के समय हुए विवाद पर टिप्पणी करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, ÷कोई पंगा नहीं था। निर्देशक ने फिल्म छोड़ दी थी और मैंने इसे पूरा किया। बस यही हुआ था। यदि मैंने अपने प्रड्यूसर और स्टूडियो की मदद की तो इस चीज के लिए मेरा सम्मान होना चाहिए। लोगों को देखना चाहिए कि मैं जिम्मेदार व्यक्ति हूं। मेरी आलोचना की गई और मैं इसके लिए हैरान हूं।÷ कंगना ने आगे कहा, ÷मुझे लगता है कि एक्टर होना बेहद प्रिवलेज जॉब है। अश्विनी भी मेरी बात से सहमत होंगे और मैं माफी के साथ यह कहना चाहती हूं कि हमारे देश में एक निर्देशक के रूप में जैसी मेकर्स की कीमत की जानी चाहिए वैसी होती नहीं है। यह इंडस्ट्री केवल एक्टर्स के लिए है।÷ बता दें ?कि ?फिल्म पंगा का निर्देशन अश्विनी अय्यर तिवारी ने किया है।



# स्क्रीनिंग पर सनी कौशल के साथ नजर आईं कटरीना

**मुंबई ।** हाल ही में एक्ट्रेस कटरीना कैफ विकी के भाई सनी कौशल के आने वाले एक शो की स्पेशल स्क्रीनिंग में पहुंची हैं। बता दें ?कि विकी के भाई सनी जल्द ही एक वेब सीरीज में नजर आएंगे, जिसकी हाल ही में एक स्क्रीनिंग रखी गई। स्क्रीनिंग में सभी की नजरें कटरीना पर ही टिकी हुई थीं। इस दौरान डायरेक्टर कबीर खान भी वहां पहुंचे थे। बता दें ?कि शो में कटरीना ने डेनिम आउटफिट पहना था। खुले-लहराते बाल और हल्के मेकअप के साथ चेहरे पर स्माइल लिए कटरीना लोगों के दिलों पर छुरियां चला रही थीं। बता दें ?कि विकी और कटरीना के अफेयर के चर्चे तब शुरू हुए जब पिछले साल दोनों दिवाली की पार्टी में एक साथ नजर आए थे। इसके बाद दोनों कई और इवेंट्स व पार्टियों में एक साथ नजर आए है। हालां?कि अब इंतजार ?किया जा रहा है कि दिनों कब अपने रिलेशनशिप को ऑफिशल करते हैं। वहीं वर्कफ्रंट पर कटरीना जल्द ही अक्षय कुमार के ऑपोजिट रोहित शेट्टी की फिल्म ÷सूर्यवंशी÷ में नजर आने वाली हैं। फिल्म 27 मार्च को रिलीज होगी और इसमें अजय देवगन, रणवीर सिंह, निकितन धीर, नीना गुप्ता और गुलशन ग्रोवर जैसे स्टार्स भी नजर आएंगे।





न्यूयॉर्क के यांकी स्टेडियम में न्यूयॉर्क यांकीज़ के आरोन जज बेसबॉल खेलते हुए।

## उम्मीद है कि भारत में ही खेला जाएगा आईपीएल : बीसीसीआई

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) दुनिया में भारतीय क्रिकेट स्पर्धा की पहचान बन गया पर कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए खबरें सामने आई थी कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) देश के बाहर हो सकता है। लेकिन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने साफ कर दिया है कि आखिरी विकल्प के तौर पर ही आईपीएल देश के बाहर खेला जाएगा। कोरोना वायरस महामारी के बाद 29 मार्च से होने वाला आईपीएल 13 स्थगित कर दिया गया था। बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष अरुण धूमल ने कहा है कि बोर्ड को उम्मीद है कि आईपीएल भारत में ही खेला जाएगा। अगर आईपीएल इस साल कराने के लिए कोई विकल्प नहीं बचा तो इसको विदेश में कराया जाएगा। उन्होंने आगे कहा, %आईपीएल गवर्निंग काउंसिल की अगली बैठक में इन सब बातों पर चर्चा होगी। धूमल ने कहा, सभी लोग इस समय दबाव में हैं क्योंकि किसी को नहीं पता कि आगे क्या होगा। आईपीएल के आयोजन को लेकर खबर आई थी कि श्रीलंका, यूएई और न्यूजीलैंड ने आईपीएल कराने की इच्छा जाहिर की है। अक्टूबर में होने वाला टी20 वर्ल्ड कप अगर स्थगित हो जाता है तो इसके स्थान पर बीसीसीआई आईपीएल का आयोजन करेगा जिसके लिए शेड्यूल भी बन चुका है।

# पालेर्मो ओपन में खेलना चाहती है हालेप



**बुकारेस्ट।** रोमानिया की महिला टेनिस स्टार सिमोना हालेप ने कहा है कि वह कोरोना महामारी के बाद पहली बार हो रहे डब्लूटीए इवेंट पालेर्मो ओपन में भाग लेगी। विश्व की नंबर दो खिलाड़ी हालेप ने कहा, 'मैंने अभी तक अंतिम निर्णय नहीं लिया है पर उम्मीद है कि पालेर्मो ओपन में खेलुंगी ।% उन्होंने कहा, 'खेल के बिना समय बिताना कठिन होता है। मैं सभी को बहुत मिस करती हूं। मुझे उम्मीद है कि हम जल्द ही बिना किसी संकमण की आशंका से यात्रा कर सकेंगे। कोरोन महामारी के बाद से ही मेरी जिंदगी बदल गई है। सब कुछ अलग लगता है पर इस बीच मैंने बहुत यात्राएं नहीं की जो अच्छा ही रहा। मैंने इस दौरान काफी आराम किया और यही मैं चाहती थी। मुझे उम्मीद है कि हम इन सबसे जल्द उबर जाएंगे।% हालेप ने 22 फरवरी को दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशप जीतने के बाद से कोई मैच नहीं खेला है। हालेप ने क्लूज-नपोसा में एक प्रदर्शनी युगल मैच में अपने ही देश की होरिया टेकाउ के साथ खेलने को लेकर सहमति व्यक्त की है। पालेर्मो ओपन की शुरुआत अगने माह तीन अगस्त से होगी। इसमें विश्व की कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों के भी शामिल होने की उम्मीदें हैं।

# डिकॉक को पसंद नहीं टेस्ट टीम की कप्तानी



**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के साल के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का अवार्ड हासिल करने वाले क्विंटन डिकॉक को कप्तानी बोझ लगती है। सीमित ओवरों की टीम की कप्तानी कर रहे डिकॉक ने कहा कि इसी लिए वह टेस्ट कप्तान नहीं बनना चाहते। उनका मानना है कि टेस्ट में टीम की कप्तानी करने से अतिरिक्त दबाव पड़ता है। डिकॉक को इस साल जनवरी में फाफ डुप्लेसिस की जगह दक्षिण अफ्रीका की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम की कप्तानी सौंपी गयी थी पर इसके बाद क्रिकेट निदेशक ग्रीम स्मिथ ने कहा था कि इस विकेटकीपरी बल्लेबाज को टेस्ट कप्तानी नहीं दी जाएगी। डिकॉक ने कहा कि इस मामले में उनकी कोच मार्क बाउचर के साथ भी बात हुई है। उन्होंने कहा, 'मेरी और बाउचर की बातचीत हुई और मैंने उनसे कहा, मुझे नहीं पता कि टेस्ट कप्तान बनकर भी मुझे कैसा लगता है। मेरे लिए इसका सामना करना आसान नहीं होगा। मुझे यह पता है और मैं इसे महसूस करता हूं। मुझे यह सारा तनाव नहीं चाहिए।% डिकॉक ने कहा, 'मुझे अपने कंधों पर यह दबाव नहीं चाहिए। मैं टेस्ट क्रिकेट में ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी करना चाहता हूं और इसलिए मुझे अतिरिक्त दबाव नहीं चाहिए।% मार्च में कोरोना वायरस के कारण क्रिकेट के निलंबित होने के बाद से डिकॉक ने तीन महीने से अधिक समय से नेट अभ्यास नहीं किया है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) को हालांकि खिलाड़ियों की ट्रेनिंग शुरू करने के लिए देश के खेल मंत्रालय की स्वीकृति मिल गई है।

# सचिन पहली गेंद मुझे खेलने के लिए कहते थे : गांगुली



मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा है कि सचिन तेंदुलकर पहली गेंद उन्हें खेलने को कहते थे। बल्लेबाज मयंक अग्रवाल के साथ एक कार्यक्रम में गांगुली ने कहा कि जब भी मैं उनसे कहता था तुम भी कभी पहली गेंद का सामना कर लिया करो। हमेशा मैं ही पहली गेंद का सामना करता हूं। गांगुली ने कहा कि ऐसे में उसके पास इसके दो जवाब हुआ करते थे। एक उनका मानना था कि यदि उनका फॉर्म अच्छा है तो उन्हें नॉन-स्ट्राइकर एंड पर बने रहना चाहिए। दूसरा, जब उसका फॉर्म अच्छा नहीं था, तो वह कहता था कि %मुझे नॉन-स्ट्राइकर के अंत में रहना चाहिए, क्योंकि यह मुझ पर दबाव डालता है। उनके पास अच्छे फॉर्म और खराब फॉर्म दोनों का जवाब था। गांगुली ने इस दौरान कहा कि इसके बाद किस तरह उन्होंने सचिन को पहले गेंद खेलने के लिए मजबूर कर दिया था। उन्होंने कहा कि आप सचिन के करीब से जाओ और नॉन स्ट्राइकर एंड पर खड़े हो जाओ। इसके बाद वो टीवी पर होता था जिसके बाद उसपर पहली गेंद का सामना करने का दबाव होता था। उन्होंने कहा कि ऐसा एक-दो बार हुआ है। इसका वीडियो बीसीसीआई के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर भी डाला गया है।

# कैमरन को नहीं मिल रहा घरेलू बोर्ड का समर्थन



**किंगस्टन।** वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष डेव कैमरन को आईसीसी अध्यक्ष पद का दावेदार माना जा रहा है पर कैमरन ने कहा कि उन्हें उनके घरेलू बोर्ड का ही समर्थन नहीं मिल रहा है हालांकि इससे वह निराश नहीं हैं। इससे पहले आईसीसी अध्यक्ष शशांक मनोहर ने कार्यकाल पूरा होने पर अपना पद छोड़ दिया है। जिससे बाद कैमरन को भी इस पद के दावेदार के तौर पर पेश किया गया। उनकी दावेदारी का समर्थन अमेरिकी क्रिकेट बोर्ड ने भी किया है। कैमरन ने से कहा, 'अभी मुझे घरेलू बोर्ड से कोई समर्थन नहीं मिल रहा है लेकिन यह नकारात्मक बात नहीं है क्योंकि सभी जानते हैं कि मैं स्वतंत्र उम्मीद्वार हूं और अपने एजेंडे पर काम करने की जगह विश्व क्रिकेट की भलाई के बारे में विचार कर रहा हूं।% उन्होंने कहा, 'वह अमेरिकी क्रिकेट हॉफ आफ फेम था जिसने मुझसे कहा कि अमेरिका क्रिकेट का बहुत बड़ा बाजार है और उसे विकसित किये जाने की जरूरत है। मैंने अमेरिकी क्रिकेट बोर्ड के साथ काफी समय तक काम किया है और वे अमेरिका में क्रिकेट को आगे बढ़ाने का कोशिश कर रहे हैं।% कैमरन ने कहा, 'उन्हें लगता है कि यह अमेरिकी क्रिकेट को आगे बढ़ाने का सही समय है। इसके अलावा आईसीसी अधिकारों का अगला चक्र 2023 से 2031 तक होगा तो ऐसे में यह उस व्यक्ति का समर्थन करने का सबसे अच्छा समय है जिसकी योजना वास्तव में विश्व क्रिकेट को आगे बढ़ाने की है।% वहीं इंग्लैंड के कोलिन ग्रेव्स भी आईसीसी अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। इसके अलावा भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली का नाम भी इस पद के लिए सामने आया है।

# फिर डीजल में लगी आग, पेट्रोल में राहत

**नई दिल्ली।** बीते 7 दिनों तक पेट्रोल-डीजल की कीमतों में मिली छूट आज कायम नहीं रह सकी। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में मामूली तेजी के बीच मंगलवार को घरेलू बाजार में पेट्रोल की कीमत को तो नहीं छुआ गया, लेकिन डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी हो गई। सरकारी तेल कंपनियों ने आज डीजल 25 पैसे महंगा कर दिया। इससे पहले लगातार 7 दिनों तक पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई तब्दीली नहीं हुई थी। बीते जून में लगातार 21 दिनों तक लगातार पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई थी। हालांकि उस दौरान अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगभग नरमी रही थी। पिछले महीने लगातार 21 दिनों तक ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी करने के बाद बीते एक सप्ताह तक लोगों को थोड़ी राहत मिली थी। लेकिन आज डीजल को 25 पैसे प्रति लीटर महंगा कर दिया गया। पेट्रोल की कीमत को जस का तस छोड़ दिया गया। डीजल की कीमत बढने् का असर महंगाई पर सीधा दिखता है क्योंकि माल ढुलाई में इसी ईंधन का इस्तेमाल होता है। दिल्ली में आज, यानी 07 जुलाई, मंगलवार को पेट्रोल की कीमत पिछले दिनों के 80.43 रुपए पर टिकी रही, लेकिन डीजल 25 पैसे चढ़ कर 80.78 रुपए पहुंच गया।

# सेंसेक्स 187 अंक और निफ्टी 36 अंक मजबूत होकर बंद , लगातार पांचवें दिन बाजार में तेजी

मुंबई (ईएमएस)। देश में कोरोना संकट के बीच शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी दिखाई दी। मंगलवार को बीएसई सेंसेक्स 187 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। वित्तीय कंपनियों के शेयरों में तेजी से बिजली और बुनियादी ढांचा क्षेत्र की कंपनियों में हुए नुकसान की भरपाई हुई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स मंगलवार को 187.24 अंक मजबूत होकर 36,674.52 अंक पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 36 अंक की बढ़त के साथ



10,799.65 अंक पर बंद हुआ।सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फाइनेंस सर्वाधिक लाभ में रहा। इसमें करीब 8 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व, इंफोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक और एचसीएल टेक में भी तेजी रही।दूसरी तरफ एनटीपीसी, आईटीसी, पावरग्रिड और टाटा स्टील के शेयर नुकसान में रहे।कारोबारियों के अनुसार घरेलू निवेशकों ने वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख को महत्व नहीं दिया और लगातार विदेशी पूंजी प्रवाह तथा बेहतर मानसून जैसे सकारात्मक बातों पर ध्यान दिया।शेयर बाजार के पास उपलब्ध अस्थायी आंकड़े के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशक सोमवार को पूंजी बाजार में शुद्ध खरीदार रहे और 348.35 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे। हालांकि, कोविड-19 के बढ़ते मामलों को देखकर निवेशक थोड़े चिंतित नजर आए। इससे तेजी पर कुछ अंकुश लगा। दुनिया के अन्य बाजारों में चीन में शंघाई मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ जबकि हांगकांग में गिरावट रही। जापान के तोक्यो और दक्षिण कोरिया के सोल बाजारों में भी गिरावट दर्ज की गई।शुरूआती कारोबार में यूरोप के प्रमुख शेयर बाजारों में भी गिरावट का रुख रहा। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा का भाव 1.02 प्रतिशत घटकर 42.66 डॉलर प्रति बैरल रहा।वहीं, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 25 पैसे टूटकर 74.93 पर बंद हुआ।

